आइआइएम का 11वां दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल होंगे शामिल

रांची. आइआइएम रांची का 11वां दीक्षांत समारोह 22 अप्रैल को होगा. कार्यक्रम नया सराय रोड स्थित कैंपस के स्वामी विवेकानंद सभागार में शाम 05:45 बजे से शुरू होगा. मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व विशिष्ट अतिथि ब्लैक स्टोन इपीएल लि के एमडी सह ग्लोबल सीइओ आनंद कृपालु होंगे. समारोह में सत्र 2020-22 के विभिन्न कोर्स के कुल 352 विद्यार्थियों के बीच डिग्रियां बांटी जायेंगी. इसमें एमबीए के 254, एमबीए-एचआरएम के 72, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 23, पीएचडी के एक और एग्जीक्यूटिव पीएचडी के दो अभ्यर्थियों को डिग्री दी जायेगी. निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षा समारोह में संचालित तीन एमबीए प्रोग्राम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले कुल नौ अभ्यर्थियों को बोर्ड ऑफ गवर्नेंस चेयरमैन मेडल, डायरेक्टर्स मेडल और प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल से नवाजा जायेगा. वहीं, चौथा और पांचवां स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थी को बुक प्राइज दिया जायेगा.

Prabhat Khabar,22.04.2023,Pg. 10